# आदिम जाति कल्याण विभाग

## मध्य प्रदेश शासन

# उपयोगकर्ता पुस्तिका
# ‘हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण’

सर्वाधिकार सुरक्षित - आदिम जाति कल्याण विभाग मध्य प्रदेश

# विवरणिका

1. ‘हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश ‘ ........ 2

.2 हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण की प्रक्रिया ........ 3

3. eKYC की प्रक्रिया ........ 14

4. प्रोफाइल पावती प्रिंट करने की प्रक्रिया ........ 17

5. प्रोफाइल का पासवर्ड रिसेट करने की प्रक्रिया ........ 18

6. प्रोफाइल की जानकारी को अद्यतन करने की प्रक्रिया ........ 19

# 1. 'हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण ' के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

**विभागीय योजनाओं में लाभ लेने हेतु MPTASS के अंतर्गत' हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण '**


- **विभागीय** योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु सर्वप्रथम समस्त हितग्राहियों **(मध्यप्रदेश के समस्त अनुसूचित जनजाति (ST), अनुसूचित जाति (SC) नागरिक एवं अन्य पात्र लाभार्थी)** को MPTAAS के माध्यम से स्वयं का प्रोफाइल पंजीकरण करना आवश्यक है |
- यह पंजीयन हितग्राही द्वारा स्वयं, इन्टरनेट कि ओस्क यथा एमपी ऑनलाइन, लोक सेवा केंद्र(LSK), नागरिक सुविधा केंद्र (CSC) एवं विभागीय अधिकारियों के माध्यम से किया जा सकता है ।
- यद्यपि यह एक सतत प्रक्रिया है , तथापि वर्तमान में योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों का एक बार (One-time) प्रोफाइल पंजीयन एक निश्चित समय सीमा में करवाना होगा।
- प्रोफाइल पंजीकरण के समय आवेदक के पास ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल / लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जारी डिजिटल हस्ताक्षरित जाति प्रमाण-पत्र होना चाहिए |
- प्रोफाइल पंजीकरण के समय आवेदक को स्वयं की एवं परिवार की समग्र आईडी की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से करना है ।
- प्रोफाइल पंजीकरण करने के पहले सुनिश्चित करें कि आपकी समग्र, जाति प्रमाण पत्र और आधार में जानकारी भिन्न ना हो |
- प्रोफाइल पंजीकरण करने के पहले सुनिश्चित करे कि आपका मोबाइल नंबर आधार से लिन्क है |
- यदि आपके ' आधार नंबर ' से आपका मोबाइल लिन्क नहीं है तो आप अपने निकटतम आधार केंद्र जाकर सही मोबाइल नंबर आधार में अद्ययतन करवा सकते है या निकटतम एमपी ऑनलाइन (MP Online) / लोक सेवा केंद्र (LSK) / नागरिक सुविधा केंद्र (CSC) पर जाकर बायोमेट्रिक आधारित ई-केवाईसी के माध्यम से अपना प्रोफाइल पंजीकरण करा सकते है |
- आवेदक के आधार में सही नाम (हिंदी एवं अंग्रेजी) एवं पूर्ण जन्म दिनांक DD/MM/YYYY (दिन/महीना/साल प्रारूप में) होनी चाहिए |

## 2. हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण की प्रक्रिया

1. सर्वप्रथम विभाग की वेबसाइट (www.tribal.mp.gov.in) पर दर्शाये गए **"MPTAAS"** टैब पर क्लिक करें।




2. **" MPTASS "** टैबपर क्लिक करने के उपरांत लॉग इन पेज प्रदर्शित होगा, प्रोफाइल बनाने के लिए **"नया हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण "** लिन्क पर क्लिक करें |




3. **"नया हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण "** लिन्क पर क्लिक करने के उपरांत आपको व्यक्तिगत जानकारी प्रविष्ट करने के लिए एक स्क्रीन प्रदर्शित होगी , जिसमे 6 टैब्स होगे जब तक आप पहले पेज की जानकारी की प्रविष्टि नहीं करते, दूसरे पेज पर नहीं जा सकेंगे |




4. " **व्यक्तिगत विवरण** " पेज पर प्रदर्शित जानकारी प्रविष्ट करे और "**सुरक्षित करे एवंआगे बढ़ें** " बटन पर क्लिक करें |
   " **व्यक्तिगत विवरण** " पेज पर आपको निम्नलिखित जानकारी की प्रविष्टि करनी है |
   a. आधार के अनुसार जानकारी जैसे नाम, जन्म तिथि , पिता का नाम एवं जेंडर प्रविष्ट करे
   b. मध्यप्रदेश में मूल निवास का पता स्क्रीन में दर्शाए कॉलम के अनुसार प्रविष्ट करे |
   c. अन्य जानकारी जैसे मोबाइल नंबर , ईमेल आईडी , वैवाहिक स्थति एवं जीवनसाथी का नाम आदि प्रविष्ट करें |
   d. E-District पोर्टल द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षरित जाति प्रमाण पत्र जैसे जाति प्रमाण पत्र क्रमांक एवं जारी दिनांक प्रविष्ट करें |

**<u>नोट:</u>**

1. कृपया अपना चालू मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी ही प्रविष्ट करें इसका उपयोग MPTAAS द्वारा SMS, EMAIL भेजने तथा पासवर्ड एवं यूजर आईडी भूल जाने पर पुनः प्राप्त करने के लिए किया जायेगा |
2. यहाँ यदि आप दर्ज जाति प्रमाण पत्र से पहले ही प्रोफाइल पंजीकृत कर चुके है तो **"उपयोगकर्ता पहले से ही पंजीकृत है "** मेसेज प्राप्त होगा , तथः आप पूर्व में बनाये हुए यूजर आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से लॉग इन कर अपनी प्रोफाइल को एक्सेस कर पायेगे , और यदि पासवर्ड या यूजर आईडी भूल गए है तो फॉरगॉट यूजर आईडी एवं पासवर्ड की प्रक्रिया के द्वारा पुनः प्राप्त कर सकते है |
3. "**सुरक्षित करे एवं आगे बढ़ें** " बटन पर क्लिक करने पर यदि कोई जानकारी अपूर्ण रह जाती है तो सिस्टम आपको अपूर्ण जानकारी का सन्देश देगा, और जब तक आप पहले पेज की सभी जानकारी भरकर सबमिट नहीं करते, दूसरे पेज पर नहीं जा सकेंगे |



Welcome - Guest

आदिम जाति कल्याण विभाग
मध्य प्रदेश शासन

होम / हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण

हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण

व्यक्तिगत विवरण | जाति एवं समग्र | आय घोषणा | मूलनिवासी घोषणा | प्रोफाइल समीक्षा | प्रिंट पावती

*से चिन्हित की गयीं फ़ील्ड्स अनिवार्य रूप से भरी होना चाहिए

आधार के अनुसार विवरण

| | |
|---|---|
| *आधार के अनुसार नाम-अंग्रेजी में: vikram | *आधार के अनुसार नाम-हिंदी में: vikram |
| * जन्म की तारीख: 02/04/1998 | *पिता का नाम: chiman |
| * लिंग: Male | |

मध्यप्रदेश में मूल निवास का पता

| | |
|---|---|
| * मकान न./ इमारत / भवन: 116 | *कृपया गली/मार्ग/मोहल्ला दर्ज करें: katthiwada |
| * क्षेत्र / परिसर / सेक्टर: katthiwada | * नगर / शहर / गांव: Alirajpur |
| * पिन कोड: 457887 | |
| * क्षेत्र: (•) ग्रामीण ( ) शहरी | |
| * जिला: Alirajpur | * ब्लॉक: Katthiwada |
| * पंचायत: Kattiwada | * गाँव: Katthiwada khas |

अन्य जानकारी

| | |
|---|---|
| * मोबाइल नंबर: 9977567091 | * वैवाहिक स्थिति: Single |
| ईमेल एड्रेस: sk@gmail.com | * जीवनसाथी का नाम: |

जाति प्रमाण पत्र की जानकारी (E-District पोर्टल द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षरित)

| | |
|---|---|
| * जाति प्रमाणपत्र क्रमांक: RS/465/0104/26330/2018 | *जारी दिनांक: 08/10/2018 |

सुरक्षित करे एवं आगे जायें


प्रतिक्रिया | उपयोग की शर्तें | गोपनीयता नीति | अस्वीकरण

सर्वाधिकार सुरक्षित © 2018 मध्य प्रदेश आदिम जाति कल्याण विभाग |

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई),मेप-आईटी द्वारा विकसित

5. **व्यक्तिगत विवरण** प्रविष्ट करने के बाद **जातिएवं समग्र** पेज प्रदर्शित होगा यहाँ आपके द्वारा दर्ज जातिप्रमाण पत्र के अनुसार सत्यापन उपरान्त जाति प्रमाण पत्र की जानकारी स्वतः ही प्रदर्शित होगी

   यदि प्रदर्शित जानकारी सही है तो जाति सम्बंधित जानकारी के लिए दी हुए घोषणा को पढ़ कर चेक बॉक्स के माध्यम से सहमति प्रदान करें और "**सुरक्षित करे एवं आगे बढ़ें**" बटन पर क्लिक करें |





"**सुरक्षित करे एवं आगे बढ़ें**" बटन पर क्लिक करने पर आपको समग्र की जानकारी प्रविष्ट करने के लिए स्क्रीन प्रदर्शित होगी, यहाँ नीचे प्रदर्शित स्क्रीन के अनुसार अपना समग्र आईडी एवं समग्र परिवार आईडी दर्ज करें और "**समग्र विवरण प्राप्त** करें" बटन पर क्लिक करें |



6. " **समग्र विवरण प्राप्त** करें " बटन पर क्लिक करने के बाद दर्ज समग्र आईडी और परिवार समग्र आईडी की जानकारी के सत्यापन उपरान्त हितग्राही के समग्र की जानकारी स्वत: ही प्रदर्शित होगी, जैसे नीचे दर्शायी गयी स्क्रीन में दिखाया गया है |

   यदि समग्र पोर्टल द्वारा प्राप्त जानकारी जांचे और यदि जानकारी सही है तो संबंधित घोषणा पड़ें और स्वीकृति प्रदान करें। अंत में " **सुरक्षित करे एवं आगे बड़ें (सबमिट)** " बटन पर क्लिक कर अगले पृष्ठ पर जायेंगे |

   **नोट**: " समग्र विवरण प्राप्त करें " बटन पर क्लिक करने पर यदि दर्ज समग्र आईडी से पहले ही प्रोफाइल पंजीकृत कर चुके है तो **उपयोगकर्ता पहले से ही पंजीकृत है** मेसेज प्राप्त होगा , तथा आप पूर्व में बनाये हुए यूजर आईडी एबं पासवर्ड के माध्यम से लॉग इन कर अपनी प्रोफाइल को एक्सेस कर पायँगे, और यदि पासवर्ड या यूजर आईडी भूल गए है तो फॉरगॉट यूजर आईडी एबं पासवर्ड की प्रक्रिया के द्वारा पुनः प्राप्त कर सकते है |



Welcome - Guest

आदिम जाति कल्याण विभाग
मध्य प्रदेश शासन

होम / हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण

हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण

व्यक्तिगत विवरण | जाति एवं समग्र | आय घोषणा | मूलनिवासी घोषणा | प्रोफाइल समीक्षा | प्रिंट पावती

* से चिन्हित की गयीं फील्ड्स अनिवार्य रूप से भरी होना चाहिए

* हितग्राही की समग्र आईडी: 163911091

* परिवार की समग्र आईडी: 35723500

समग्र विवरण प्राप्त करें

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथम नाम | Vikaram | अंतिम नाम | Kanesh |
| पिता का नाम | Birja Kanesh | लिंग | Male |
| जन्म तिथि | 02/04/1998 | विकलांगता | False |
| विकलांगता का प्रकार | -- | परिवार के मुखिया का नाम | Birja Kanesh |
| परिवार के मुखिया का लिंग | Female | परिवार के मुखिया के साथ रिश्ता | Son |
| डीआईएसई कोड(पूर्व शैक्षणिक सत्र) | | विद्यालय का नाम(पूर्व शैक्षणिक सत्र) | |
| परीक्षा मंडल(पूर्व शैक्षणिक सत्र) | | कक्षा(पूर्व शैक्षणिक सत्र) | |
| स्ट्रीम(पूर्व शैक्षणिक सत्र) | | पूर्व शैक्षणिक सत्र का परीक्षा परिणाम | |
| पूर्व शैक्षणिक सत्र का परीक्षा प्रतिशत | | डीआईएसई कोड(शैक्षणिक सत्र) | |
| विद्यालय का नाम(शैक्षणिक सत्र) | | परीक्षा मंडल(शैक्षणिक सत्र) | |
| कक्षा(शैक्षणिक सत्र) | | स्ट्रीम(शैक्षणिक सत्र) | |

* समग्र सम्बंधित जानकारी के लिए घोषणा

☑ मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा समग्र सम्बन्ध में प्रदान कि गयी समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य है | यदि मेरे द्वारा समग्र के सम्बन्ध में दी गयी जानकारी किसी भी स्तर पर गलत या पात्रता मापदंडो कि आवश्यकताओं अनुसार नहीं पाईजाती है तो मेरी प्रोफाइल रद्द कि जा सकती है |

वापस जायें | सुरक्षित करे एवं आगे जायें | रीसेट


प्रतिक्रिया | उपयोग की शर्तें | गोपनीयता नीति | अस्वीकरण

सर्वाधिकार सुरक्षित © 2018 मध्य प्रदेश आदिम जाति कल्याण विभाग |


सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई),मेप-आईटी द्वारा विकसित

7. **जाति एवं समग्र** की जानकारी प्रविष्ट करने के बाद **आय घोषणा** पेज प्रदर्शित होगा, इस पृष्ठ पर सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय सम्बंधित घोषणा किया जाना है | यहाँ निर्धारित प्रारूप में सम्बंधित जानकारी प्रविष्ट करें और " **जमा करें** " बटन पर क्लिक करें |

यहाँ मेरे परिवार में समस्त सदस्यों की कुल बार्षिक आय का चयन करना और घोषणा के स्थान को प्रविष्ट करना अनिवार्य हैं |




8. “ **जमा करें** “ बटन पर क्लिक करने के पश्चात दर्ज जानकारी निम्नलिखित प्रारूप में प्रदर्शित होगी I यदि आवश्यक हो तो इसका प्रिंट भी लिया जा सकता है, अंत में “ **सुरक्षित करें एवं आगे बढ़ें (सबमिट)** “ बटन पर क्लिक **करें**, यदि जानकारी को अद्यतन करना चाहते हैंतो संशोधित करें बटन पर क्लिक करें |




9. **आय घोषणा** सम्बंधित जानकारी प्रविष्ट करने के बाद **मूलनिवासी घोषणा** पेज प्रदर्शित होगा, इस पृष्ठ पर सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा निर्धारित प्रारूप में मूलनिवास सम्बंधित घोषणा किया जाना है | यहाँ निर्धारित प्रारूप में सम्बंधित जानकारी प्रविष्ट करें और " **जमा करें** " बटन पर क्लिक करें |

यहाँ "स्थानीय निवासी की पात्रता के किस मापदंड को पूरा करते है" विकल्प का चयन करना और घोषणा के स्थान को प्रविष्ट करना अनिवार्य हैं |



10. " **जमा करें** " बटन पर क्लिक करने के पश्चात मूलनिवासी का भरा हुआ प्रारूप प्रदर्शित होगा I यदि आवश्यक हो तो इसका प्रिंट भी लिया जा सकता है, अंत में " **सुरक्षित करे एवं आगे बड़े (सबमिट)** " बटन पर क्लिक कर अगले पृष्ठ पर जायेंगे,

यदि जानकारी को अद्यतन करना चाहते है तो संसोधित करें बटन पर क्लिक करें |



11. **मूलनिवासी घोषणा** की जानकारी प्रविष्ट करने के बाद **प्रोफाइल समीक्षा** पेज प्रदर्शित होगा ,इस पेज पर पहले सभी स्क्रीन के माध्यम से प्रविष्ट की गयी जानकारी की समीक्षा हितग्राही द्वारा की जा सकती है , यदि कोई जानकारी गलत है तो वापस जाकर जानकारी को संशोधित किया जा सकता है |

जानकारी सही होने की स्थिति में अपनी सुविधा एवं पसंद अनुसार पासवर्ड दर्ज करें जिसका उपयोग आप भविष्य में MPTAAS सिस्टम में लॉग इन करेने के लिए करेगे, अंत में घोषणा पर सहमति हेतु चेक बॉक्स पर क्लिक करे और **सबमिट** बटन पर क्लिक करें |

<u>**नोट**</u>:

1.यदि किओस्क (MPONLINE/LSK/CSC) और डिपार्टमेंट यूजर के द्वारा हितग्राही का प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन किया जाता है तो लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड हितग्राही को ईमेल और SMS के माध्यम से प्राप्त होगा जिसका उपयोग हितग्राही पोर्टल पर लॉगिन करने के लिए कर सकता है।

2. यहाँ उपयोगकर्ता स्वयं का मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी ही दर्ज करें , ताकि उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड उनके मोबाइल और ईमेल में सुरक्षित रहें , क्योंकि उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड द्वारा के माध्यम से ही हितग्राही MPTASS पोर्टल पर लॉग इन उपरांत विभिन्न योजनाओ के लिए आवेदन कर सकेगे तथा अपनी जानकारी को अद्यतन कर सकेगे |

# प्रोफाइल पंजीकरण पंजीकरण




,

12. **सबमिट** बटन पर क्लिक करने के बाद प्रिंट पावती पेज प्रदर्शित होगा , यहाँ आपको आपकी यूजर आईडी प्रदर्शित होगी | साथ ही नीचे प्रदर्शित सन्देश प्रदर्शित होगा जिसे ध्यान से पड़े तो निर्देशों का पालन करें |

> **“प्रोफाइल पंजीयन की प्रक्रिया अंतर्गत " MPTAAS" लॉगिन आईडी आपके द्वारा दर्ज मोबाइल नंबर एवं ईमेल पर भेजा गया है”**
>
> **"MPTAAS" पर लॉगिन उपरान्त आधार eKYC किया जाना अनिवार्य है, इसके पश्चात प्रोफाइल पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण होगी एवं पावती प्राप्त की जा सकेगी”**
>
> कृपया यह सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा "प्रोफाइल आईडी" लिया को नोट कर लिया गया हैं , **प्रोफाइल आईडी ही यूजर आईडी है** जिसके द्वारा MPTAAS पोर्टल पर लॉगिन कर अनिवार्य eKYC की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकेगी | कृपया लॉगिन करने हेतु "लॉगिन बटन" पर क्लिक करें |

# 3. eKYC की प्रक्रिया


## MPTAAS पर प्रोफाइल बनाने के बाद , लॉग इन उपरांत आवश्यक eKYC की प्रक्रिया

13. **eKYC** करने के लिए स्क्रीन पर दिए हुए **लॉग इन** बटन पर क्लिक करें | आप विभाग की वेबसाइट (www.tribal.mp.gov.in) पर जाकर **“ MPTAAS”** टैब पर क्लिक करके भी लॉग-इन कर सकते हैं।

नोट: आधार eKYC की प्रक्रिया पूर्ण किये बिना हितग्राही MPTAAS के माध्यम से विभाग की किसी भी योजना का लाभ नहीं ले पायेंगे |




14. “ **लॉग इन** ” बटन पर क्लिक करने पर लॉग इन स्क्रीन प्रदर्शित होगी ,यहाँ प्रोफाइल पंजीकरण के समय प्राप्त यूजर आईडी एबं पासवर्ड दर्ज करें और लॉग इन बटन पर क्लिक करें |





15. लॉग इन करने के उपरांत आधार eKYC करने के लिए अगले पेज पर दर्शायी स्क्रीन प्रदर्शित होगी यहाँ eKYC करने की प्रक्रिया निम्लिखित है,

1. सर्वप्रथम पंजीयन के प्रकार अर्थात eKYC के माध्यम का चयन करें ( आधार नंबर या वर्चुअल आईडी)
2. इसके बाद पंजीयन के प्रकार के अनुसार अपना आधार नंबर या वर्चुअल आईडी आईडी दर्ज करें
3. इसके बाद प्रदर्शित कैप्चा कोड दर्ज करें |
4. कैप्चा कोड दर्ज करने के बाद आधार की जानकारी साँझा करने सम्बन्धी घोषणा को पढ़कर चेक बॉक्स को सेलेक्ट कर अपनी सहमति प्रदान करें |
5. इसके बाद eKYC विकल्प (ओटीपी / बायोमेट्रिक ) का चयन करें |
6. यदि ई-केवाईसी विकल्प ओटीपी का चयन किया है ,तो आधार नंबर के साथ रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा, जिसे ओटीपी बॉक्स में प्रविष्ट कर सत्यापित करे, यदि कुछ समय अन्तराल में ओटीपी नहीं आता है **“ओटीपी पुनः भेजे”** बटन पर क्लिक किया जा सकता है |
7. यदि ई-केवाईसी विकल्प बायोमेट्रिक का चयन किया है , तो ड्राप डाउन लिस्ट से बायोमेट्रिक डिवाइस का चयन कर “**सबमिट बायोमेट्रिक** “ बटन पर क्लिक करें , बायोमेट्रिक की जानकारी सफलतापूर्वक दर्ज करने पर आपको “ Success” मेसेज प्रदर्शित होगा, इसके पश्चात “**OK**” बटन पर क्लिक करें |




OTP प्राप्त करें बटन के क्लिक पर प्रदर्शित स्क्रीन



16. Ok बटन पर क्लिक करने eKYC सफलतापूर्वक हुआ मेसेज प्राप्त होगा , और हितग्राही को डैशबोर्ड स्क्रीन प्रदर्शित होगी |




# 4. प्रोफाइल पावती प्रिंट करने की प्रक्रिया

## MPTAAS पर प्रोफाइल बनाने के बाद लॉग इन उपरांत प्रोफाइल प्रिंट करने की प्रक्रिया :

17. यदि हितग्राही अपनी प्रोफाइल को प्रिंट करना चाहते है तो “**MY Profile**” मेनू पर जाकर “**Print Profile**” मेनू सेलेक्ट करे |
    यहाँ स्क्रीन पर प्रदर्शित **Print** बटन पर क्लिक कर हितग्राही अपनी प्रोफाइल को प्रिंट कर सकते है तथा **Export PDF** बटन पर क्लिक कर इसे सेव कर सकते है |




# 5. प्रोफाइल का पासवर्ड रिसेट करने की प्रक्रिया


## MPTAAS पर लॉग इन उपरांत प्रोफाइल का पासवर्ड रिसेट अथवा बदलने की प्रक्रिया :

18. यदि हितग्राही अपना पासवर्ड रिसेट / बदलना चाहते है तो “MY Profile” मेनू पर जाकर “Change Password” मेनू सेलेक्ट करे |

    “Change Password” मेनू पर क्लिक करने के उपरांत पासवर्ड बदलने के लिए नीचे दी हुए स्क्रीन प्रदर्शित होगी | पासवर्ड बदलने की प्रक्रिया निन्मानुसार है |

    - सर्वप्रथम पुराना पासवर्ड दर्ज करे |
    - इसके बाद नया पासवर्ड दर्ज करें |
    - इसके बाद नया पासवर्ड पुनः दर्ज करे |
    - अंत में पासवर्ड बदले बटन पर क्लिक करें |
    - पासवर्ड बदले बटन पर क्लिक करने के उपरांत पासवर्ड सफलता पूर्वक बदला गया मेसेज प्राप्त होगा |

नोट: कृपया पासवर्ड बदलने पर नया पासवर्ड नोट करले , अब आप MPTAAS सिस्टम में नए पासवर्ड के माध्यम से ही लॉग इन कर पायेंगे |





# 6. प्रोफाइल की जानकारी को अद्यतन करने की प्रक्रिया

## MPTAAS पर लॉग इन उपरांत प्रोफाइल की जानकारी को अद्यतन करने की प्रक्रिया :

19. यदि आप अपने प्रोफाइल की जानकारी को अद्यतन करना चाहते है तो "MY Profile" मेनू में दिए हुए मेनू पर क्लिक कर कर सकते है

1. यदि आप व्यक्तिगत जानकारी को अद्यतन करना चाहते है तो ,"**Update Personal Detail** " मेनू पर क्लिक करें |
2. यदि आप जाती की जानकारी को अद्यतन करना चाहते है तो "**Update Caste Detai** "मेनू पर क्लिक करें |
3. यदि आप समग्र की जानकारी को अद्यतन करना चाहते है तो "**Update Samagra Detail**" मेनू पर क्लिक करें
4. यदि आप आय सम्बंधित जानकारी को अद्यतन करना चाहते है तो " **Update Income Detail** " मेनू पर क्लिक करें |
5. यदि आप मूलनिवास की जानकारी को अद्यतन करना चाहते है तो "**Update Domicile Detail** " मेनू पर क्लिक करें |


Dashboard
Dash Board
My Profile
Change Password
Update Personal Detail
Update Caste Detail
Update Samagra Detail
Update Income Detail
Update Domicile Detail
Print Profile Detail
Akanksha Yojna
Pratibha Yojna
PMS
Aawaas

**--धन्यवाद--**